रांची, गुरुवार
31.08.2023

**प्रभात खबर**

# जेसिया की आमसभा और चुनाव दो को

**रांची.** झारखंड स्मॉल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (जेसिया) की 61वीं वार्षिक आमसभा दो सितंबर को कोकर इंडस्ट्रियल एरिया स्थित उद्योग भवन में होगी. शाम चार बजे से आमसभा शुरू होगी. आमसभा के बाद वर्ष 2023-24 के नये पदाधिकारियों के लिए चुनाव होगा. चुनाव कराने के लिए पूर्व अध्यक्ष बिकास कुमार सिंह को चेयरमैन और अरुण कुमार खेमका को को-चेयरमैन नियुक्त किया गया है. इसमें नयी कार्यकारिणी और पदाधिकारियों का चुनाव होगा. इसमें कार्यकारिणी समिति द्वारा किये गये कार्यों की समीक्षा होगी. उद्योगों के विकास के लिए नये अध्यक्ष द्वारा पूरे साल की योजना की विवरणी दी जायेगी. मानद सचिव रंधीर कुमार शर्मा ने कहा कि आमसभा के लिए मुख्य अतिथि उद्योग सचिव जितेंद्र कुमार सिंह ने अपनी सहमति दी है.

---

**दैनिक जागरण**

रांची, गुरुवार, 31 अगस्त, 2023

# स्माल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के चुनाव की तैयारी शुरू

जासं, रांची : झारखंड स्माल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन की 61वीं वार्षिक आमसभा दो अक्टूबर को कोकर औद्योगिक क्षेत्र के उद्योग भवन में होगी। आमसभा के बाद 2023-24 के लिए नये पदाधिकारियों का चुनाव किया जाएगा। चुनाव कराने के लिए पूर्व अध्यक्ष विकास कुमार सिंह, चेयरमैन अरुण कुमार खेमका को को-चेयरमैन नियुक्त किया गया है। वार्षिक आमसभा के बाद वर्ष 2023-24 के लिए नई कार्यकारिणी और पदाधिकारियों का चुनाव होगा। इसमें पिछले वर्ष की कार्यकारिणी के कार्यों की समीक्षा होगी। आने वाले वर्ष में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों के विकास के लिए नए अध्यक्ष पूरे साल की योजना बताएंगे। आमसभा के मुख्य अतिथि के रूप में उद्योग सचिव जितेंद्र कुमार सिंह मौजूद रहेंगे।

---

**हिन्दुस्तान** रांची गुरुवार 31 अगस्त 2023 03

# जेसिया की वार्षिक आमसभा सह चुनाव दो को

रांची। झारखंड स्मॉल स्केल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन की वार्षिक आमसभा दो सितंबर को कोकर इंडस्ट्रियल एरिया के उद्योग भवन में होगी। शाम चार बजे से होने वाली बैठक में उद्योग सचिव जीतेंद्र कुमार सिंह अतिथि होंगे। एसोसिएशन के सचिव रंधीर कुमार शर्मा ने बताया कि आमसभा में नए सत्र के लिए कार्यकारिणी का गठन कर पदधारियों का चुनाव होगा।

---

रांची, गुरुवार, 31 अगस्त, 2023

**दैनिक भास्कर**

# झारखंड स्मॉल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन की वार्षिक आम सभा व चुनाव 2 को

रांची| झारखंड स्माल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन की 61वीं वार्षिक आम सभा 2 सितंबर को होगी। उसी दिन सत्र 2023-24 के लिए नए पदाधिकारी का चुनाव भी होगा। इसकी जानकारी रणधीर कुमार शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि बैठक कोकर औद्योगिक क्षेत्र स्थित उद्योग भवन में अपराह्न 4 बजे से होगी। आम सभा के तुरंत बाद पदाधिकारी का चुनाव किया जाएगा। इसके लिए पूर्व अध्यक्ष विकास कुमार सिंह चुनाव पदाधिकारी और अरुण कुमार खेमका चुनाव पदाधिकारी बनाए गए हैं। आम सभा के दौरान अध्यक्ष द्वारा पिछले साल किए गए कार्यों की समीक्षा की जाएगी और आने वाले वर्ष के लिए कार्यक्रमों का निर्धारण किया जाएगा। सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्योगों के विकास के लिए नए अध्यक्ष द्वारा पूरे साल की योजना विवरणी प्रस्तुत की जाएगी।